उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

तृतीय तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर,

लखनऊ – 226010

संख्या :- 66 /06 /कम्प्यूटर अनुभाग(बारह) /2018-2022/18(5)2016

लखनऊ : दिनांक : 09 दिसम्बर, 2022

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-18(5)/2016, सीधी भर्ती (सामान्य चयन) 2016 के अंतर्गत विज्ञापित निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 के नियंत्रणाधीन कर्मशाला अनुदेशक मोल्डिंग/ फाउंड्री के कुल 11 पदों (अनारक्षित-08, अनुसूचित जाति-02, अनुसूचित जनजाति-01 पद, क्षैतिज आरक्षण श्रेणी के अन्तर्गत महिला श्रेणी हेतु 02 पद आरक्षित) के सापेक्ष शार्टलिस्टिंग की कार्यवाही के उपरान्त कुल 66 आवेदकों का प्रश्नगत पद हेतु साक्षात्कार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, तृतीय तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जायेगा-

क्र. सं.	दिनांक	पाली-1 (प्रातः 10:00 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	पाली-2 (अपराह्न 01:30 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	योग
1	20-12-2022	33	33	66

उक्त पद पर चयन हेतु साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किये गये अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कटऑफ (प्रतिशत) निम्नवत है-

लम्बवत आरक्षण

श्रेणी	**साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अंतिम अभ्यर्थी का प्रतिशत**
अनारक्षित	67.18
अनुसूचित जाति	57.97
अनुसूचित जनजाति	किसी भी आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन नहीं किया गया है।

क्षैतिज आरक्षण

श्रेणी	**साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अंतिम अभ्यर्थी का प्रतिशत**
महिला	अपनी मूल श्रेणी में आच्छादित हैं।

प्रश्नगत साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने से पूर्व उन्हें अपनी श्रेणी (सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 60 रू0 व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति हेतु 20 रू0) के अनुसार ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को कोई साक्षात्कार शुल्क देय नहीं होगा। इसके लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध Examination/Interview Segment में जाकर Download Interview Letters Direct Recruitment पर क्लिक करेगा। तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकेगा।

साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये शैक्षिक/ अर्हता सम्बन्धी अभिलेखों का मूल अभिलेखों से सत्यापन नहीं हुआ है। साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखों का परीक्षण किया जायेगा। अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक / अर्हता सम्बन्धी अभिलेखों की मूल प्रति एवं डाउनलोड किये गये साक्षात्कार पत्र के साथ निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उक्त विज्ञापन के अंतर्गत प्रश्नगत पद हेतु आवेदन करने वाले व विज्ञापन में प्रकाशित वांछित अनिवार्य अर्हता व अनुभव धारित करने वाले अभ्यर्थियों को यह सूचित जाता है कि विज्ञापन में प्रश्नगत पद हेतु प्रकाशित कट ऑफ (प्रतिशत) तक या उससे उच्च प्रतिशत धारित करने वाले अभ्यर्थी, जो साक्षात्कार सूची में सम्मिलित नहीं हैं, वह दिनांक 17.12.2022 की सायं 05.00 बजे तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, पंचम तल स्थित केन्द्रीय प्राप्ति व प्रेषण अनुभाग में अपना प्रत्यावेदन विज्ञापन में प्रकाशित वांछित अनिवार्य अर्हता व अनुभव संबंधी समस्त अभिलेखों की छायाप्रति सहित उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा अर्ह पाये जाने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोग के अनुमोदनोपरांत दिनांक 20.12.2022 की द्वितीय पाली में आयोजित किया जायेगा तथा उसके उपरांत अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।